सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## अष्टम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 26 फाल्गुन, 1944 (श०) / 17 मार्च, 2023 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 136

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ऊर्जा विभाग | .. | .. | 26 |
| (2) | स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 75 |
| (3) | पर्यटन विभाग | .. | .. | 13 |
| (4) | आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 17 |
| (5) | योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 04 |
| (6) | विधि विभाग | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग -- | 136 |

विद्युत् तार बदलवाना

*1958. श्रीमती नीतू कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के हिसुआ विधान सभा क्षेत्र में दो PSS (हिसुआ और नारदीगंज) चलता है, जिसके विद्युत् तार (33 KV) को 50 वर्षों से नहीं बदले जाने कारण के इसकी स्थिति काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक 33 KV जर्जर विद्युत् तार को बदलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*1959. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखंड के सतधारा ग्राम में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्धनिर्मित होने के कारण स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थापित चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य कर्मी को मरीज का इलाज करने में कठिनाई होती है साथ ही हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार प्राथमिकता के आधार पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कृषि फीडर लगवाना

*1960. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चिरैया विधान सभा के पताही प्रखंड में कुल 15 ग्राम पंचायत है जिसमें आजतक किसी भी पंचायत में कृषि फीडर नहीं होने के कारण किसान इसके लाभ से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायतों में कृषि फीडर कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

संविदा कर्मी की नियुक्ति

*1961. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शराबबंदी कानून के तहत राज्य के सभी जिला अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग, बिहार एवं राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार के निदेश पर जिला पदाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त संविदा के आधार पर वार्ड अटेंडेंट की नियुक्ति की गई थी, जिन्हें स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार एवं राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार के बिना किसी निदेश तथा जिला पदाधिकारी से अनुमोदन प्राप्त किये बिना सिविल सर्जन, सीतामढ़ी के पत्रांक 2772, दिनांक 11 अगस्त, 2021 द्वारा सेवा मुक्त कर दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सीतामढ़ी जिला अस्पताल से सेवामुक्त किये गये संविदा कर्मी को पुनः नियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कर्मियों का पदस्थापन

*1962. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण सदर अस्पताल, भागलपुर अन्तर्गत अधीक्षक-1, चर्म रोग विशेषज्ञ-1, आयुष फिजिसियन-2, शिशु रोग विशेषज्ञ-1, स्टाफ नर्स-25 पद विगत पाँच वर्षों से अधिक समय से रिक्त है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में रिक्त पदों के विरुद्ध कर्मियों का पदस्थापन करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अल्ट्रासाउण्ड मशीन को चालू किया जाना

*1963. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया में टिकारी अनुमंडलीय अस्पताल का अल्ट्रासाउण्ड विगत 20 वर्षों से बंद होने के कारण रोगियों का अल्ट्रासाउण्ड अस्पताल से बहार निजी जाँच घर में कराने से गरीब रोगियों को काफी आर्थिक क्षति हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अनुमंडलीय अस्पताल का अल्ट्रासाउण्ड मशीन को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

एम्बुलेंस की व्यवस्था

*1964. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के बगहा अनुमंडल अन्तर्गत अवस्थित भैरोगंज तथा चिउटाहाँ अति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एम्बुलेंस नहीं होने के कारण आपातकालीन में मरीजों के परिजन बेहतर उपचार हेतु मरीज को बाहर ले जाने में काफी असमर्थ हो जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भैरोगंज एवं चिउटाहाँ में एम्बुलेंस वाहन की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्ट्रीट लाइट ठीक कराया जाना

*1965. श्री गुंजेश्वर साह (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड में कोसी नदी पर बलुआहा पुल के दोनों तरफ स्ट्रीट लाइट लगा हुआ है, परंतु कोई स्ट्रीट लाइट नहीं जलने के कारण अंधेरे में पुल पर आने-जाने वाले राहगीरों को असामाजिक तत्वों द्वारा तंग किया जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक स्ट्रीट लाइट ठीक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्यालय भवन का निर्माण

*1966. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगाँव)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत विद्युत् आपूर्ति अवर प्रमंडल, कहलगाँव का अपना भवन नहीं होने के कारण कार्यालय किराये के मकान में चलाया जा रहा है, जबकि विभाग के पास अपना जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कहलगाँव में विद्युत् आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सक का पदस्थापन

*1967. श्री गुंजेश्वर साह (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सतर कटैया प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पंचगछिया जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पंचगछिया के नवनिर्मित भवन में कई वर्षों से चल रहा है में स्थायी चिकित्सक का पदस्थापन नहीं रहने के कारण मरीजों को आवश्यक सुविधा नहीं मिल पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक स्थायी रूप से चिकित्सक का पदस्थापन कराने का विचार रखती है ?

अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उत्क्रमण

*1968. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के प्रखण्ड तरैया अन्तर्गत स्वास्थ्य उप-केन्द्र, डेवढ़ी की दूरी तरैया रेफरल अस्पताल से 10 कि0 मी0 पर है, जिसके कारण स्थानीय मरीजों को इलाज में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र, डेवढ़ी को अतिरिक्त प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डॉक्टर की पदस्थापना तथा सौ बेड की व्यवस्था

*1969. श्री प्रहलाद यादव (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढ़ा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के चानन एवं सूर्यगढ़ा प्रखंड के अंतर्गत सरकार द्वारा आम जनता के इलाज हेतु की गई चिकित्सीय व्यवस्था आबादी के हिसाब से कम है जिसके कारण लोगों को जिला एवं आस-पास के जिलों में इलाज हेतु जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों प्रखंडों के अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉ0 की पदस्थापन नहीं की गई है, जिसके कारण रोगियों को इलाज हेतु बाहर जाना पड़ता है तथा अस्पतालों में सीटों की संख्या भी कम है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में विशेषज्ञ डॉक्टर की पदस्थापना तथा सौ-सौ बेड की व्यवस्था उक्त दोनों अस्पतालों में करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

काउंसिल का गठन

*1970. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भारत सरकार का गजट दिनांक 28 मार्च, 2022 के नियम 22.(1) द्वारा सभी राज्यों को गजट प्रकाशन तिथि से 6 माह के भीतर पारा मेडिकल के लिए State Allied And Health Care Council गठन का निर्देश देने के बावजूद बिहार राज्य में अबतक इसका गठन नहीं किया गया जिस कारण बिहार के पारा मेडिकल के लाखों छात्र दूसरे प्रदेशों में आवेदन नहीं कर पाते यदि हाँ, तो सरकार कबतक State Allied And Health Care Council का गठन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विशेषज्ञ मुर्छक का पदस्थापना

*1971. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, बक्सर में एक भी विशेषज्ञ मुर्छक (एनेस्थीसिया) पदस्थापित नहीं होने से बहुत सारे मरीजों का ऑपरेशन नहीं हो पाता है, जिन्हें उच्च संस्थान में रेफर करना पड़ता है जिससे रोगी एवं परिजन दोनों को परेशानी उठानी पड़ती है तो सरकार कबतक सदर अस्पताल, बक्सर में विशेषज्ञ मुर्छक का पदस्थापना करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटक स्थल में विकसित किया जाना

*1972. श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला मधुबनी अन्तर्गत प्रखंड रहिका के अधीनन कपलेश्वर स्थान में स्थापित प्राचीन महादेव मंदिर में प्रत्येक माह हजारों श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान (मंदिर) को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तार व पोल लगाना

*1973. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी नगर परिषद् में बहुतायत जगहों पर घनी आबादी वाले घरों के समीप से 11 हजार वोल्ट के विद्युत् तार के प्रवाहित होने से दुर्घटना की प्रबल सम्भावना बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी नगर परिषद् के 26, 27 एवं 28 वार्ड के कई मोहल्लों में बांस के सहारे बिजली का तार प्रवाहित किया जा रहा है ;

(3) यदि हाँ, तो सरकार कबतक घनी आबादी क्षेत्रों में कभरयुक्त तार एवं बिजली पोल लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विभागीय कार्यवाही चलाया जाना

*1974. श्री रामप्रीत पासवान (क्षेत्र संख्या-37 राजनगर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्री गौतम कुमार, स्थापना सहायक, योजना एवं विकास विभाग के द्वारा निगरानी थाना काण्ड संख्या 27/18 में नामजद विभागीय पदाधिकारियों पर फौजदारी मुकदमा दर्ज होने के बावजूद सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, सरकार के अनुदेश संख्या 2324, दिनांक 10 जुलाई, 2007 में निहित स्पष्ट सरकारी निर्णय का पालन न करके नामजद पदाधिकारियों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त फौजदारी काण्ड से सम्बंधित संचिका को प्रभारी सहायक द्वारा तीन वर्षों तक अपने स्तर पर रखा गया ताकि आरोपी पदाधिकारियों को बचाया जा सके ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोषी प्रभारी सहायक के विरुद्ध कार्यवाही चलाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आपदाओं के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करना

*1975. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज विधान सभा क्षेत्र नेपाल की सीमावर्ती क्षेत्र होने तथा कोसी नदी के मुहाने पर स्थित होने के कारण बाढ़ की विभिषिका का दंश झेलता रहता है, जिससे बचाव के लिए दीर्घकालिक उपाय के साथ आपदा की स्थिति से निपटने हेतु सरकार द्वारा प्रशिक्षण दिलाने का भी निर्णय लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार प्राकृतिक आपदाओं के प्रति लोगों को कबतक जागरूक एवं प्रशिक्षित करते हुए दीर्घकालिक निराकरण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उत्क्रमण

*1976. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के प्रखण्ड ईशुआपुर अन्तर्गत स्वास्थ्य उप-केन्द्र, सहवां की दूरी तरैया रेफरल अस्पताल से 05 कि0 मी0 पर है, जिसके कारण स्थानीय मरीजों को इलाज में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र, सहवां को अतिरिक्त प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विशेषज्ञ चिकित्सक का पदस्थापन

*1977. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत केवटी विधान सभा के दोनों प्रखंड केवटी एवं सिहंवाड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी रहने के कारण महिला मरीजों को इलाज करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों स्वास्थ्य केन्द्रों में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मियों का पदस्थापन

*1978. श्री अली अशरफ सिद्दिकी (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नाथनगर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत अवस्थित किसी भी उप-स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मी स्वीकृत बल के अनुरूप पदस्थापित नहीं है, जिसके कारण लोगों को चिकित्सकीय उपचार का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नाथनगर विधान सभा क्षेत्र में अवस्थित सभी उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत बल के अनुरूप चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मियों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दोषी पर कार्रवाई

*1979. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत गुरूआ प्रखंड अन्तर्गत भरौंधा बाजार के समीप स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण आधारभूत संरचना विभाग द्वारा कराया गया है, जिसमें कर्मियों के निवास हेतु एक भवन का भी निर्माण कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्र का निर्माण प्राक्कलन के अनुसार नहीं किया गया है, जिसके कारण नवनिर्मित भवन के दीवारों में दरार तथा छत से पानी टपकती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

33000 वोल्ट तार से खतरे का निराकरण

*1980. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी, लखौरा पी०डब्लू०डी० पथ पर श्री पुण्यदेव पँडित के घर के मुख्य द्वारा सहित मोतिहारी विधान सभा क्षेत्र के कई गाँवों में 33000 वोल्ट का वायर नीचे आ जाने से कई दुर्घटना भी हो चुकी है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी तकनीकी स्तर से जाँच कराकर कबतक इस खतरे से बचने का निराकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्युत् आपूर्ति हेतु ग्रीड का निर्माण कराना.

*1981. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कार्य वर्ष 2024 में पूर्ण कर अध्यापन एवं अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा प्रारंभ कराने का लक्ष्य है ;

(2) क्या यह बात सही है कि झंझारपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 24 घंटे निर्बाध विद्युत् आपूर्ति हेतु अलग से 33/11 के०बी०ए० का विद्युत् ग्रीड के निर्माण कराने की आवश्यकता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार झंझारपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में निर्बाध विद्युत् आपूर्ति हेतु ग्रीड का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटकीय स्थल का उद्घाटन

*1982. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी स्थित बापू धाम चन्द्रहीया में महात्मा गाँधी पर्यटकीय स्थल का निर्माण कार्य विशेष पैकेज योजना अन्तर्गत वर्ष 2016-17 में बन कर तैयार है, परंतु वहां आमजन के लिये पर्यटकीय सुविधा का उद्घाटन नहीं होने से देश-विदेश के पर्यटक वंचित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक महात्मा गाँधी पर्यटकीय स्थल का उद्घाटन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा प्रदान किया जाना

*1983. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआंव (अ०जा०))--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड जगदीशपुर के 41 मांझीटोलों में अज्ञात बीमारी से 5554 सूअरों की मौत हो गयी थी जिसकी पुष्टि एस०डी०एम० की जाँच में भी हुयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सूअरों की मौत पर मुआवजा हेतु अनिश्चितकालीन धरना हुआ था जिसके वार्ता में एस०डी०एम०, जगदीशपुर द्वारा मुआवजा देने की बात कही गयी थी और जिलाधिकारी, भोजपुर के मुआवजा देने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया था, मुआवजे के लिये 1876 आवेदनकर्ताओं ने आवेदन दिया है, लेकिन अभीतक मुआवजे की राशि प्रदान नहीं की गयी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अज्ञात बीमारी से मारे गये 5554 सूअरों का मुआवजा प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य

*1984. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत योगापट्टी प्रखंड के पंचायत राज ढाढवा के ग्राम-दुधियांवा में अस्पताल भवन का निर्माण करवाया जा रहा है, जिसमें शिथिलता बरती जा रही है तथा गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवन निर्माण कार्य का जाँच कराकर गुणवत्ता अनुरूप कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जलाशय का सौन्दर्यीकरण

'क'-*1985. श्री शम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के चक्की प्रखंड में गोखूल जलाशय है, जिसकी लम्बाई 12 कि०मी० है तथा उक्त जलाशय चक्की पंचायत, गायघाट पंचायत, महुआर पंचायत, बलुआ पंचायत एवं नैनीजोर पंचायत में अवस्थित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में गोखूल जलाशय का सौन्दर्यीकरण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट— 'क'-पर्यटन विभाग के ज्ञापांक 567, दिनांक 6 मार्च, 2023 द्वारा लघु जल संसाधन विभाग में स्थानान्तरित ।

पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई

*1986. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखंड के खडडा स्टेडियम की मरम्मती का जिला पदाधिकारी के आदेश के आलोक में 22 लाख 99 हजार 300 रुपये का प्राक्कलन जिला योजना कार्यालय, बेतिया में 30 जनवरी, 2019 से पड़ा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राक्कलन जिला योजना पदाधिकारी, पश्चिमी चम्पारण, बेतिया के जांच प्रतिवेदन देने के कारण जनवरी, 2019 से लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खडडा स्टेडियम की मरम्मती कराने तथा योजना के कार्यान्वयन में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारी के विरुद्ध यथोचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदस्थापन का विचार

*1987. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा के अनुमंडलीय अस्पताल, फारबिसगंज एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, फारबिसगंज तथा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जोगबनी में यूनिट के अनुसार डॉक्टर, महिला डॉक्टर एवं नर्स नहीं रहने के कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित स्थानों पर यूनिट के अनुसार पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार

*1988. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज विधान सभा क्षेत्र के प्राथमिक और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्रों में तैनात अधिकतर चिकित्सक शहरों में रहने के कारण समय पर अस्पताल नहीं पहुँच पाते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण क्षेत्रों के उप-स्वास्थ्य केन्द्रों की हालत अत्यंत दयनीय है यह कब खुलते हैं और कब बंद होते हैं इसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं मिल पाती है तथा उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थापित नर्स भी नदारद ही रहती हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य मंत्री के मिशन 60 के तहत अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति पर विशेष जोर दिया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार हेतु मोनिटरिंग तंत्र विकसित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

चिकित्सक एवं चिकित्सीय उपकरण उपलब्ध कराना

*1989. श्री बिजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी एवं समेली प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चकित्सीय उपकरण नहीं होने के कारण महिला मरीजों एवं अन्य मरीजों को इलाज से कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सीय उपकरण उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई

*1990. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार में ममता कार्यकर्ता को स्वास्थ्य विभाग के तरफ से मात्र 3000 रुपये प्रोत्साहन भत्ता पर अस्पतालों में रखा गया है तथा इन्हें सरकार के निर्णय के बावजूद साल में दो बार पहनने के लिये पोशाक नहीं दिया जाता है साथ ही इन्हें अस्पतालों में विश्राम के लिये अलग से कमरा की व्यवस्था भी नहीं दिया जाता है, यदि हाँ, तो सरकार ममता कार्यकर्ताओं के मानदेय को कबतक 15 हजार रुपये प्रतिमाह करने और पोशाक देने में लापरवाही बरतने वाले दोषी पदाधिकारियों को दंडित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सत्र नियमितीकरण के साथ आयु सीमा में छूट

*1991. श्री मोतीलाल प्रसाद (क्षेत्र संख्या-23 रीगा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचालित बी०एन०आर०सी के अधीन चल रहे GNM (जी०एन०एम०) कोर्स का सत्र 2019-2020, 2020-2021 एवं 2121-2022 विलम्ब से चल रहा है, जिससे बिहार के हजारों छात्रों का भविष्य अंधकारमय है, यदि हाँ, तो सरकार अविलम्ब परीक्षा निर्धारित कर छात्रों को नौकरी के आयु सीमा में छूट देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

चहारदीवारी का निर्माण

*1992. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के पिपरा प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिपरा, अति० प्रा० स्वा० केन्द्र, थुमहा एवं उप-स्वा० केन्द्र महेशपुर में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा एवं आवारा पशुओं का आना-जाना लगा रहता है फलस्वरूप उक्त केन्द्र पर इलाज कराने आये मरीजों एवं डॉक्टरों को इलाज करने में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

आश्रम का जीर्णोद्धार

*1993. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के चिरैया प्रखंड में मधुबनी पंचायत अंतर्गत महात्मा गाँधी द्वारा स्थापित मधुबनी कलाशाला, मधुबनी आश्रम स्थापित है, जो खंडहर एवं लावारिस स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित आश्रम का जीर्णोद्धार कर पर्यटन केन्द्र बनाने की मंशा रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

आश्रितों को आपदा अनुदान

*1994. श्री रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में आवारा कुत्ता, पागल कुत्ता, जंगली जानवर यथा बंदर आदि के काटने के कारण हुई मृत्यु में आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा मृतक के आश्रितों को आपदा अनुदान देकर मदद करने का प्रावधान नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस तरह की घटना में हुई मौत को आपदा मानते हुये प्रावधान लाकर आश्रितों को आपदा अनुदान देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विशेषज्ञ डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मी की बहाली

*1995. श्री महा नंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना स्थित राजेन्द्र नगर अति विशिष्ट आँख अस्पताल जो 125 करोड़ लागत से पिछले एक वर्ष से बनकर तैयार है, में अभीतक डॉक्टरों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी की बहाली नहीं हुई है जिससे अस्पताल पूर्णरूपेण संचालित नहीं है, महज एक-दो डॉक्टर जो नेत्र रोग विशेषज्ञ नहीं है जिससे किसी तरह से जेनरल इलाज ही होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक राजेन्द्र नगर अति विशिष्ट आँख अस्पताल को विधिवत चालू करने के लिये नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी एवं अन्य कर्मचारी की बहाली करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मरीजों को बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराना

*1996. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-194 आरा)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 दिसम्बर, 2022 को प्रकाशित शीर्षक ''ठंड में सरकारी अस्पतालों में इलाज कराना है तो खुद लेकर गए कंबल'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिले के कई सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को बुनियादी सुविधाएँ जैसे बेडशीट, कंबल नहीं मिलने के कारण मरीजों को ठंड से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार राज्य के सभी जिलों में स्थित सरकारी अस्पतालों में बेडशीट, कंबल सहित अन्य बुनियादी सुविधाएँ कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान

*1997. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सुरसंड प्रखंड के ग्राम-मझौरा, पोस्ट-मझौरा, निवासी स्व0 रामबाबू राय की मृत्यु दिनांक 14 सितम्बर, 2014 को भिट्ठामोर के समीप एन0एच0 104 पर 11 हजार वोल्ट के तार शरीर पर गिरने से हो गई, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मृतक के आश्रित श्रीमती पवन देवी को अनुग्रह अनुदान की राशि भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाढ़ आश्रय भवन का निर्माण

*1998. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ0ज0जा0))--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत वसंतपुर, नया टोला, गाँधी टोला, मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत अलीनगर के लगभग 8000 आबादी बाढ़ में आश्रयहीन हो जाते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में बाढ़ आश्रय भवन के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पीड़ित परिवार को मुआवजा

*1999. श्री मिथिलेश कुमार (क्षेत्र संख्या-28 सीतामढ़ी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के डुमरा अंचल के निवासी रूपा कुमारी, पति संतोष गिरी जिनका आवासीय घर जलकर राख हो गया तथा दिनांक 15 दिसम्बर, 2022 को ही पंचायत सचिव, ने अंचलाधिकारी, डुमरा को उक्त घटना के मुआवजा का प्रतिवेदन भेजा परंतु अबतक उक्त पीड़ित को मुआवजा नहीं मिल सका, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पीड़ित को मुआवजा भुगतान का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आश्रितों को चतुर्थवर्गीय नौकरी

*2000. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य में हर महीने सैकड़ों दुर्घटनाएँ होती है, जिस कारण आश्रित बच्चे का परिवरिश एवं पठन-पाठन करना केवल 5 लाख रुपये की सरकारी मदद से संभव नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मृतक के आश्रित विधवा व बच्चों को चतुर्थवर्गीय नौकरी देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाना

*2001. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड अन्तर्गत इन्दवारा पंचायत में बाबा केवल स्थान को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किये जाने की घोषणा वर्ष 2019 में सरकार द्वारा किया गया जिसके 4 साल बाद भी अभीतक यहाँ पर्यटक के लिये कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण पर्यटकों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

एक्स-रे मशीन ठीक कराने की व्यवस्था

*2002. श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिस्फी में एक्स-रे मशीन खराब होने के कारण बिस्फी के गरीब रोगियों को समुचित इलाज नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिस्फी में एक्स-रे मशीन ठीक कराने की व्यवस्था रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाना

*2003. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिक्रम विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत बिक्रम प्रखंड स्थित पंचायत बेनिबीघा, ग्राम-चिंहुटा में स्वास्थ्य उप-केन्द्र-सह-हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर का स्थापना हेतु खाता संख्या 119, खेसरा संख्या 1160/1443 में 10 डी0 गैर-मजरूआ मोकिदार किस्म परती कदीम भूमि को धारित कर विभाग द्वारा 2 माह पूर्व महाप्रबंधक (परियोजना) BMSICL, पटना को सूचित करने के पश्चात् आजतक वर्णित स्वास्थ्य उप-केन्द्र-सह-हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने का औचित्य क्या है ?

ईको ऐंड एड्भेंचर ट्यूरिज्म बनाना

*2004. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अंतर्गत अधौरा प्रखंड कैमूर पहाड़ियों पर 500 से अधिक पूर्व-ऐतिहासिक शैलाश्रय पाए गए है, और इनमें से कई में हमारे शुरूआती पूर्वजों के कलात्मक छापों को संरक्षित करने वाले चित्र है साथ ही मां मुंडेश्वरी का मंदिर, तेल्हार वाटर फॉल पर्यटकों को आकर्षिक करता है जिसे देखने लाखों लोग प्रतिवर्ष कैमूर पहाड़ियों पर आते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु कैमूर जिला के अधौरा पहाड़ियों पर Eco & Adventure Tourism बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

APHC तथा HWC निर्माण कार्य को शुरू कराया जाना

*2005. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत पूर्णियाँ पूर्वी प्रखंड के लालगंज, कवैया, डलियाहुसैनाबाद में APHC तथा HWC, निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2021 में दिया गया था, परंतु अबतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों को प्राथमिक उपचार हेतु काफी दूर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में वर्णित स्थानों पर APHC तथा HWC निर्माण की स्वीकृति के आलोक में कबतक निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

महिला डॉक्टर के पदस्थापन करने

*2006. श्री प्रेम शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मेरे विधान सभा क्षेत्र बैकुंठपुर, जिला-गोपालगंज अन्तर्गत प्रखंड बैकुंठपुर/सिधवलिया स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसुति महिला डाक्टर की पदस्थापन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बैकुंठपुर / सिधवलिया प्रखंड बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है, जिससे बाढ़ के समय या अन्य समय में प्रसूति महिलाओं को प्रसूति हेतु 40 कि0मी0 दूर गोपालगंज सदर अस्पताल जाना पड़ता है। जिस कारण प्रसूति महिलाओं को (जच्चा एवं बच्चा) नुकसान उठाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसूति महिला डॉक्टर के पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सकों का पदस्थापन

*2007. श्री राजीव कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत तारापुर अनुमंडल में कार्यरत एकमात्र अनुमंडल अस्पताल, तारापुर में चिकित्सकों के अभाव के कारण मरीजों का समुचित इलाज अस्पताल में आधुनिक चिकित्सीय उपकरण के मौजूद होने का कोई लाभ यहां के लोगों को नहीं मिल रहा है एवं उनका इलाज भी बाधित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार लोकहित में उक्त अस्पताल में चिकित्सकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान राशि की स्वीकृति

*2008. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के बैरिया प्रखंड अन्तर्गत मंतुरा देवी, पति-श्री सुरेन्द्र पटेल, ग्राम-बरगछिया, वार्ड नंबर-15, थाना+अंचल-बैरिया की मृत्यु दिनांक 18 नवम्बर, 2021 को चकवा पर्व की मूर्ति विर्सजन के दौरान पोखरा में डूबने से हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पीड़ित परिवार काफी निर्धन है, जिसे जनवरी, 2023 तक अनुग्रह अनुदान की राशि नहीं दी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतक के परिजनों को अनुग्रह अनुदान की राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्मार्ट प्रीपेड मीटर के शिकायतों का निबटारा करना

*2009. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 26 अगस्त, 2022 के अंक में छपी शीर्षक ''फ्रांस की कंपनी के चक्कर में उपभोक्ताओं का बज रहा बाजा'' खबर के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में केन्द्र सरकार द्वारा चयनित फ्रांस की कंपनी ई0ई0एस0एल0 के द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की बिलिंग में काफी गड़बड़िया हो रही है, जिससे राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को आर्थिक क्षति हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कम्पनी के ऊपर राज्य के अधिकारियों का नियंत्रण नहीं रहने के कारण राज्य के उपभोक्ताओं के शिकायतों का निबटारा समय पर नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के उपभोक्ताओं के स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की शिकायतों के निबटारे के लिए कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

थर्मल पावर को पुनः संचालित कराना

*2010. डॉ0 निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ0 ज0 जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बौंसी प्रखण्ड के सीरिया मौजा में स्थित अभिजीत ग्रुप का 2640 मेगावाट का सुपर विद्युत् थर्मल पावर का 14 हजार करोड़ की लागत से बनने वाला यह प्रोजेक्ट 11 सौ एकड़ के विस्तृत भूखण्ड पर बनना था, जिसका वर्ष 2002 में आधारशिला रखा गया तथा वर्ष 2005-06 में जमीन अधिग्रहण कर 720 एकड़ जमीन खरीदकर सिंपलेक्स और चाईना की कंपनी ने मिलकर 660 मेगावाट के पहला यूनिट का बॉयलर, सेक्शन, कूलिंग टावर आदि का 60 फीसद कार्य पूरा किया था परन्तु वर्ष 2012 में कोल लिंकेज मामले में बंद पड़ा है जिसके चलते चालू नहीं होने से बौंसी एवं कटोरिया प्रखण्ड के लगभग 10 हजार लोग रोजगार से वंचित हो गए हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त थर्मल पावर के कार्यों को पुनः संचालित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अभियंताओं की पदोन्नति

*2011. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012 बैच के जीटीओ कैडर के सहायक कार्यपालक अभियंता की पदोन्नति विद्युत् कार्यपालक अभिंयता के पद पर वर्ष 2018 में की गई है परंतु मनीष कुमार, सुमित चन्द्रा, रौशन कुमार सहित 12 सहायक कार्यपालक अभियंता की पदोन्नति विद्युत् कार्यपालक अभियंता के पद पर नहीं की गई हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सभी 12 सहायक कार्यपालक अभियंता की पदोन्नति विद्युत् कार्यपालक अभियंता के पद पर करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

*2012. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत खानपुर प्रखण्ड के शाहपुर ग्राम में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने की वजह से स्थानीय मरीजों को इलाज कराने में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में और स्थानीय मरीजों के इलाज में हो रही कठिनाइयों को दूर कराने के लिये यहाँ उपलब्ध भूमि पर स्वास्थ्य केन्द्र बनवाने का इरादा रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

परिजन को मुआवजा देना

'ख'*2013. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत ग्राम-जनकपुरीया के निवासी रिते कुमार का 21 जनवरी, 2022 को मोपती बाजार में अज्ञात वाहन के द्वारा एक्सीडेंट हो गया था, जिससे उनकी मृत्यु हो गयी थी और परिवार के द्वारा सभी कागजात संबंधित कार्यालय को उपलब्ध कराने के बाद भी अभीतक मुआवजा नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मृतक रिते कुमार के परिजन को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई

*2014. श्री सूर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय सिविल सर्जन के पत्रांक 1170, दिनांक 29 जून, 2022 से 130 ए०एन०एम० का स्थानांतरण किया गया, जिसके क्रमांक 62,65,71,84 के ए०एन०एम० का स्थानांतरण नियम के विरुद्ध एक उप-स्वास्थ्य केन्द्र से दूसरे उप-स्वास्थ्य केन्द्र में कर दिया गया, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोषी पदाधिकारी पर कड़ी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आश्रितों को सरकारी मुआवजा

'ग'*2015. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ताजपुर प्रखंड अन्तर्गत सिरसिया पंचायत के वार्ड संख्या 11 के राजीव कुमार, पिता-देवन राम एवं रौशन कुमार, पिता-अशोक राम की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गयी थी जिसका काण्ड संख्या 89/22, ताजपुर थाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त मृतकों के परिजनों को अभीतक सरकारी मुआवजा नहीं मिलने के कारण उनके समक्ष भूखमरी की स्थिति पैदा हो गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त मृतकों के आश्रितों को सरकारी मुआवजा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट— 'ख'-आपदा प्रबंधन विभाग के ज्ञापांक 969, दिनांक 6 मार्च, 2023 द्वारा परिवहन विभाग में स्थानान्तरित ।

'ग'-आपदा प्रबंधन विभाग के ज्ञापांक 933, दिनांक 2 मार्च, 2023 द्वारा परिवहन विभाग में स्थानान्तरित ।

दोषियों पर कार्रवाई

*2016. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत मंझौल अनुमंडल अस्पताल वर्ष 2018 में बन कर तैयार है, परन्तु अबतक उक्त अस्पताल के चालू नहीं किये जाने के कारण हजारों लोग स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है साथ ही मरीजों को अपने इलाज हेतु 18 कि०मी० की दूरी तय कर जिला मुख्यालय के प्राइवेट क्लिनिक में इलाज कराना पड़ रहा है जिसमें भारी कीमत चुकानी पड़ रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल को चालू कराते हुये विलंब की जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन निर्माण एवं पदास्थापन करना

*2017. श्री बीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत वजिरगंज प्रखण्ड के ग्राम-पामो में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति 2007 में हुयी थी लेकिन जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद भी भवन नहीं बन सका है तथा उक्त अति०प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी स्वास्थ्यकर्मी एवं चिकित्सक का पदस्थापना नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रा० केन्द्र का भवन निर्माण एवं स्वास्थ्यकर्मी एवं चिकित्सक पदस्थापन करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सांख्यिकी स्वयंसेवकों का पुन: समायोजन करने

*2018. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ०जा०))--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आर्थिक जनगणना, क्रॉप कटिंग, सहित अन्य गणना सर्वेक्षण से संबंधित कार्यों के लिये वर्ष 2012-13 में सांख्यिकी पात्रता परीक्षा पास मान्यता प्राप्त सांख्यिकी स्वयंसेवकों (ASV) की नियुक्ति की गयी थी तथा इनसे 2-3 वर्षों तक कार्य लेने के बाद वर्ष 2016 में इनकी सेवा समाप्त कर दी गयी एवं इन्हें हटाने से विभिन्न प्रकार के सरकारी गणना सर्वेक्षण संबंधी कार्य बाधित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार बेरोजगार हुये मान्यता प्राप्त सांख्यिकी स्वयंसेवकों (ASV) का पुन: समायोजन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मानव बल की उपलब्धता

*2019. श्री मिथिलेश कुमार (क्षेत्र संख्या-28 सीतामढ़ी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सदर अस्पताल में अपेक्षित मानव बल की उपलब्धता नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक संपूर्ण मानव बल जनहित में उपलब्ध कराने का विचार रखती है, अगर नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण

*2020. श्री लखेन्द्र कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-130 पातेपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के पातेपुर विधान सभा क्षेत्र के पातेपुर प्रखंड में मौदह बुजूर्ग, डडुआ, धर्मचन्द्र, अजीजपुर चाँन्द, मरूई पंचायतों में स्वास्थ्य केन्द्र भवन नहीं रहने के कारण वहां के लोगों को स्वास्थ्य जांच कराने के लिये कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य भवनहीन पंचायतों में स्वास्थ्य केन्द्र भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पोखर का सौंदर्यीकरण

*2021. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत केवटी प्रखंड के लालगंज पंचायत अवस्थित बाड़ पोखर इस जिला का गौरव है, जहां छठ आदि अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते रहते हैं तथा यह पोखर 15-20 बीघा में फैला हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पोखर का सौंदर्यीकरण करते हुये इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मुआवजा देना

*2022. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के मृतक स्व० विजय यादव, पिता वकील यादव, ग्राम हरिहरपुर, थाना शाहपुर की मृत्यु दिनांक 19 दिसम्बर, 2021 को सांप के काटने से हुई है, परंतु अभीतक मृतक के आश्रित परिवार को मुआवजा नहीं मिल पायी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

ब्लड बैंक की स्थापना

*2023. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-3 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज विधान सभा अवस्थित अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड बैंक नहीं होने से गरीब जनता को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में ब्लड बैंक की स्थापना करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

हेल्थ ऐंड वेलनेस सेंटर का निर्माण

*2024. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया विधान सभा क्षेत्र के मेदन सिरसिया हेल्थ ऐंड वेलनेस सेंटर के लिये जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार मेदन सिरसिया में उपलब्ध जमीन पर हेल्थ ऐंड वेलनेस सेंटर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

एम्बुलेंस एवं अन्य आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराया जाना

*2025. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरा में आधारभूत सुविधा यथा एक्स-रे, अल्ट्रासाउण्ड, ई०सी०जी० मशीन, सी०टी० स्कैन, विशेषज्ञ चिकित्सक, टेकनीशियन एवं अन्य पारा मेडिकल स्टाफ की कमी से रोगियों के समुचित इलाज में परेशानी हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिपरा में 02 एम्बुलेंस है, जिसमें 01 एम्बुलेंस 15 वर्ष पुराना जो खराब पड़ा हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिपरा में 01 नये एम्बुलेंस एवं अन्य आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विकलांगता प्रमाण-पत्र देने हेतु

*2026. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभुतिपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला स्तरीय टीम में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी होने के कारण सिविल सर्जन द्वारा अन्य जिलों में मेडिकल कॉलेज में विकलांगता की जांच हेतु भेजा जाता है, जिस कारण लोगों को काफी कठिनाई होती है, जबकि 5 वर्ष पूर्व राज्य के विभिन्न प्रखंडों में शिविर लगाकर विकलांगता प्रमाण-पत्र दिया जाता था, यदि हाँ, तो सरकार विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम गठित कर प्रखंड स्तर पर शिविर लगाकर विकलांगता प्रमाण-पत्र देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का मरम्मती

*2027. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत पचीरा के ग्राम पचीरा में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण 7 वर्ष पूर्व हुआ था, लेकिन भवन स्वास्थ्य विभाग को हस्तान्तरण नहीं किया गया । वर्तमान में उक्त भवन रख-रखाव के अभाव में जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार पूर्व निर्मित भवन का मरम्मती कराकर वहां के लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्वास्थ्य उपकेन्द्र की स्थापना

*2028. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड के डिहरी पंचायत के ग्राम नुआव एवं आस-पास के गांवों एवं टोलों की आबादी 2500-3000 है तथा नुआव में स्वास्थ्य उपकेन्द्र नहीं होने के कारण ग्रामवासियों को स्वास्थ्य सुविधा में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नुआव गांव में स्वास्थ्य उपकेन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

घेराबंदी के साथ भवन निर्माण

*2029. श्री सुनील मणि तिवारी (क्षेत्र संख्या-14 गोविन्दगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पहाड़पुर प्रखंडान्तर्गत पश्चिमी सरैया पंचायत एवं पकड़िया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन काफी जर्जर हो जाने से डॉक्टर/कर्मियों को वहाँ बैठना तक मुश्किल हो गया है, साथ ही जमीन की घेराबंदी नहीं होने से लगातार जमीन का अतिक्रमण हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों के जमीन की घेराबंदी कराकर भवन का जीर्णोद्धार/निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा दिया जाना

*2030. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के मधवापुर प्रखंड ग्राम-साकिन उत्तर थाना साहरघाट, निवासी स्व0 समुद्री देवी, पिता-सोगारथ सदाय की मृत्यु 2 जून, 2022 को अकरहर घाट से दक्षिण धौंस नदी में डूब जाने से हो गई, परन्तु मृतका के आश्रितों द्वारा प्रखंड कार्यालय में सभी दस्तावेजों के साथ मुआवजे के लिये आवेदन देने के बाद भी आजतक मुआवजा नहीं मिला है, यदि हाँ, तो सरकार शीघ्र मुआवजा देना चाहती है ?

--------

सरकार स्मार्ट मीटर में व्याप्त गड़बरी को सुधार करने हेतु

*2031. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 1 सितम्बर, 2022 में छपी खबर के शीर्षक ''स्मार्ट मीटर रिचार्ज कराते ही कट जा रही मोटी रकम'' के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में बिजली उपभोक्ताओं के यहाँ स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्मार्ट मीटर रिचार्ज कराते ही उपभोक्ताओं की मोटी रकम कट जा रही है जिसका विवरण उपभोक्ताओं को प्राप्त नहीं होने से आर्थिक क्षति हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार स्मार्ट मीटर में व्याप्त गड़बरी को कबतक सुधार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण

*2032. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत सहार प्रखंड के ग्राम-पेरहाप, गुलजारपुर, बंशीडिहरी, बजरेया, नवादा, धनछुआ, दुल्लमचक और चैरी में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं होने के कारण उप-स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन सही से नहीं होता है, जिससे ग्रामीण को प्राथमिक इलाज ससमय नहीं मिलता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सभी उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नया विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र की स्थापना

*2033. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियाँ प्रखंड के लदनियाँ विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र से लदनियाँ प्रखंड के 15 पंचायतों को बिजली की आपूर्ति की जाती है किन्तु विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र की क्षमता कम होने के कारण लगभग 25 किलो मीटर एरिया को विद्युत् की आपूर्ति नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जनहित में उक्त प्रखंड के अतिरिक्त बरहा ग्राम में नया विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*2034. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के मृतक स्व0 फागु शर्मा, पिता-बाबू लाल लोहार, ग्राम-पहाड़पुर, थाना बिहियाँ की मृत्यु दिनांक 3 जनवरी, 2022 को आगलगी के कारण हुई है परंतु अभीतक मृतक के आश्रित परिवार को मुआवजा नहीं मिल पाई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

लाईसेन्सिंग ऑथरिटी का पदस्थापना

*2035. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय, बेतिया में दिसम्बर, 2022 से लाईसेंसिंग ऑथरिटी (LA) के सेवानिवृत्ति के उपरान्त पद रिक्त रहने के कारण जिला भर के दवा व्यापारियों को नया लाइसेंस लेने तथा लाइसेंस नवीनीकरण का कार्य दिसम्बर माह से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पश्चिम चम्पारण जिले में लाईसेंसिंग ऑथरिटी (LA) का पदस्थापना कराना चाहती है, नही, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

*2036. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत खानपुर प्रखंड के धाईध ग्राम में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने की वजह से स्थानीय मरीजों को इलाज कराने में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में और स्थानीय मरीजों के इलाज में हो रही कठिनाइयों को दूर कराने के लिये यहाँ उपलब्ध भूमि पर कबतक स्वास्थ्य केन्द्र बनवाने का इरादा रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराना

*2037. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 6 दिसम्बर, 2022 को प्रकाशित शीर्षक ''8 साल तक नहीं खरीदे उपकरण लौटाई गई राशि'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के राजकीय आयुर्वेद और यूनानी औषधिशाला में आधुनिक उपकरण लगाने के लिये वर्ष 2014 में केन्द्र सरकार ने 45 लाख रुपये उपलब्ध कराया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि राशि उपलब्ध हो जाने के बावजूद भी 8 सालों से उपकरणों की खरीद नहीं की गई, जबकि आयुर्वेदिक कॉलेज व अस्पताल संसाधनों और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की कमी के कारण बदहाल हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त आयुर्वेदिक कॉलेज व अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुरक्षा दिवाल बनाना

'घ'-*2038. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट प्रखंड के इटढ़िया फॉल के ऊपर एवं नीचे पानी के अत्यधिक दबाव के कारण कटाव जारी है तथा पिछली बरसात में सड़क तोड़कर फसलों को नुकसान पहुंचाते हुए इटढ़िया गाँव तक पानी घुस गया था, यदि हाँ, तो सरकार इससे बचाव हेतु सुरक्षा दिवाल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण कराना

*2039. डॉ0 निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ0 ज0 जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही बांका जिला अंतर्गत बौंसी प्रखंड में सांपडहर पंचायत के कुशमोहली ग्राम के रामबाग टोला में 15 घरों का अबतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त टोला के घरों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आशा फैसिलिलेटर का मानदेय वृद्धि

*2040. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के आशा फैसिलिलेटर को मात्र रु0 6000 मानदेय दिया जा रहा है जो बिहार सरकार का न्यूनतम मजदूरी से भी काफी कम है जबकि आशा फैसिलिलेटर का कार्य करने हेतु दूर-दूर जाना पड़ता है, जिसके लिए उन्हें TA-DA नहीं दिया जाता है, इसी मानदेय से यात्रा में होने वाले व्यय का वहन करना पड़ता है जिससे घर चलाना भी मुश्किल हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक आशा फैसिलिलेटरों का मानदेय बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

यात्री शेड का निर्माण

*2041. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखण्ड अतरी के ग्राम-नरावट में वित्तीय वर्ष 2019-20 में पूर्व विधायक स्व0 कुन्ती देवी के समय यात्री शेड के निर्माण की स्वीकृति मिली परंतु अबतक शेड के छत का ढलाई एवं पलास्टर का कार्य नहीं कराया गया है केवल दिवार खड़ा किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने एवं उक्त शेड का निर्माण करवाने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सहायता राशि का भुगतान

*2042. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के पंचायत सैफगंज के वार्ड संख्या 07 निवासी झटकू राय, पिता स्व0 बहरू राय की मृत्यु दिनांक 18 दिसम्बर, 2019 को सड़क दुर्घटना में एवं सागर कुमार, पिता विष्णु देव विश्वास निवासी प्रखंड फारबिसगंज, पंचायत-हलहलियां, वार्ड 04 की मृत्यु दिनांक 10 जुलाई, 2022 को पनारधार, हलहलियां में डूबने से हो गई थी, परंतु अबतक विभाग द्वारा सहायता राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पीड़ित परिजनों को सहायता राशि भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'घ'-आपदा प्रबंधन विभाग के ज्ञापांक 812, दिनांक 24 फरवरी, 2023 द्वारा जल संसाधन विभाग में स्थानांतरित ।

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*2043. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-3 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला अन्तर्गत नरकटियागंज स्थित विद्युत् कार्यालय द्वारा उपभोक्ताओं से बिजली बिल सुधार के नाम पर एवं नये कनेक्शन के नाम उपभोक्ताओं का दोहन किया जा रहा है तथा अकारण थाना में बिजली चोरी संबंधी मामला दर्ज की जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में पंचायत कैंप लगाकर बिजली शिकायतों में सुधार तथा दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को चिन्हित कर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

केबुल वाला तार तथा पोल लगवाया जाना

*2044. श्री गोपाल रविदास (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि फुलवारीशरीफ बिहार विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरूथौस प्रखंड फुलवारीशरीफ के वार्ड नं0 11, मुहल्ला विकासनगर में पिछले वर्षों से 11 के0वी0 का तार तथा 440 वोल्ट का तार जमीन से काफी कम ऊँचाई पर लटक रहा है, जिससे जान-माल की क्षति होना तय है, यदि हाँ, तो सरकार जल्द-से-जल्द पोल एवं तार को परिवर्तित कर नया केबुल वाला तार तथा पोल लगवाने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्पतालों में आधुनिक लैब खोलना

*2045. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 22 दिसम्बर, 2022 को औरंगाबाद संस्करण के प्रभात खबर अखबार में छपी शीर्षक ''औरंगाबाद जिले के कई प्रखंडों के अस्पतालों में आधुनिक लैब की स्थापना का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया'' खबर के अनुसार जिले के सबसे बड़े प्रखंडों नवीनगर और कुटुम्बा के पीएचसी-सह-रेफरल अस्पतालों का जिक्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला मुख्यालय से काफी दूरी होने की वजह से कुटुम्बा और नवीनगर रेफरल अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीजों के इलाज के लिये आधुनिक लैब नहीं होने के कारण मरीजों का इलाज समुचित ढंग से नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुटुम्बा और नवीनगर रेफरल अस्पतालों में आधुनिक लैब खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोल तथा वायरिंग लगाया जाना

*2046. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसण्ड प्रखंड के करबाना पंचायत के वार्ड नं0 08 एवं 09 में बिजली की आपूर्ति तो है परन्तु बिजली पोल नहीं होने के कारण बिजली का तार बाँस-बल्ले के सहारे लगाया गया है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सुरसण्ड प्रखंड के करबाना पंचायत के वार्ड नं0 08 एवं 09 में पोल तथा वायरिंग लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उप-स्वास्थ्य केन्द्रों के नये भवन का निर्माण

*2047. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत योगापट्टी प्रखण्ड स्थित भवानीपुर का उप-स्वास्थ्य केन्द्र तथा लौरिया प्रखण्ड स्थित सिंहपुर का उप-स्वास्थ्य केन्द्र जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जर्जर उक्त दोनों उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का नया भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मरीजों को इलाज की सुविधा बहाल किये जाना

*2048. श्री अशोक कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-97 पारू)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखंड के पंचायत ग्राम-भटचैड़ा, में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है जो 40 वर्षों से भवनहीन है जिसके कारण वहां पर पदस्थापित चिकित्सक एवं कर्मी को काम करने में परेशानी हो रही है तथा इलाके के मरीजों को इलाज के लिये 20 किलो मीटर जयनगर 15 किलो मीटर बाबूबरही, 12 किलो मीटर, खगौली एवं 20 किलो मीटर लदनियाँ प्रखंड जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को नया भवन बनाकर मरीजों को इलाज का सुविधा बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मूलभूत सुविधाएँ की व्यवस्था

*2049. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत सदर अस्पताल, आरा में मर्चुरी रूम (शीत शवगृह) नहीं है एवं पोस्टमार्टम रूम में मानक के अनुसार लाइट की व्यवस्था, साफ सफाई, पेयजल सहित मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है, शवों को रखने की व्यवस्था नहीं होने के कारण मृतक के परिवार को काफी परेशानी होती है, खासकर लावारिस शवों को बिना शीत शवगृह के 72 घंटे रखा जाना संभव नहीं होता है, यदि हाँ, तो सरकार सदर अस्पताल आरा में मर्चुरी रूप (शीत शवगृह) के निर्माण एवं पोस्टमार्टम रूम की मूलभूत सुविधाएँ बहाल करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*2050. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखंड के उत्तरी मधुबनी पंचायत के दुबे टोला में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र भवन के निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

ऐतिहासिक स्थल का जीर्णोद्धार

*2051. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के खैरा प्रखण्ड के कागेश्वर पंचायत में बरनार नदी के किनारे स्थित ऐतिहासिक कागेश्वर मंदिर में राज सिसायत गिद्धौर के द्वारा स्थापित की गयी शिवलिंग एवं दुर्गा की प्रतिमा समुचित रख-रखाव के अभाव में ध्वस्त होने के कगार पर है, यदि हाँ, तो सरकार इस ऐतिहासिक स्थल को संरक्षित कर उसका जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अनुमंडल न्यायालय की स्थापना

*2052. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी अनुमण्डल में अनुमण्डल न्यायालय कार्यरत नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहां अनुमण्डल न्यायालय की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अल्ट्रासाउण्ड एवं ई०सी०जी० की व्यवस्था

*2053. श्री अमरजीत कुशवाहा (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत मैरवा रेफरल अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एक ही भवन में संचालित है तथा दोनों संस्थानों में से किसी में अल्ट्रासाउण्ड एवं ई०सी०जी० जाँच की व्यवस्था नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वहां मरीजों को खासकर गर्भवती महिलाओं एवं दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को अल्ट्रासाउण्ड एवं ई०सी०जी० जाँच के लिये सीवान, गोरखपुर या पटना जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं रेफरल अस्पताल में अल्ट्रासाउण्ड एवं ई०सी०जी० की व्यवस्था विशेषकर चिकित्सक तथा टेकिनशियन कि प्रतिनियुक्ति का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दन्त चिकित्सकों की बहाली

*2054. अजीत कुमार सिंह(क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों में मुंह एवं दांतों की बाहरी इलाज के लिये अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर पर दन्त चिकित्सकों की बहाली अनिवार्य है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में लगभग 11000 दन्त चिकित्सक निबंधित हैं जबकि सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों के लिये 700 पद ही स्वीकृत है ;

(3) क्या यह बात भी सही है कि दन्त चिकित्सक को अन्य राज्य की तरह बिहार में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर नियुक्ति नहीं किया जाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त दोनों खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर दन्त चिकित्सकों की बहाली करने एवं सी०एच०ओ० पद पर नियुक्ति की अनुमति देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मीटर उपलब्ध कराना

*2055. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार एवं सोनबरसा प्रखंड में वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में आवासीय एवं कॉमर्सियल मीटर के लिये 3567 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन दिया था, किन्तु विभाग द्वारा अधिकतर आवेदनों को अस्वीकृत कर दिया गया है, जिससे लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सभी ऑनलाइन आवेदन देने वालों को मीटर उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कवर वाली तार लगाना

*2056. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि डुमराँव शहर के छठिया पोखरा के किनारे से 11 हजार वोल्ट के बिजली के नंगे तार गुजर रहे हैं जिसके कारण उस इलाके के आम नागरिकों के जान-माल का खतरा बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थलों के साथ-साथ शहर के अंदर के 11 हजार वोल्ट के बिजली के नंगे तार के स्थान पर कवर वाली तार लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उप-स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण

*2057. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत नगर पंचायत बहादुरगंज के गोपालपुर वार्ड नं० 18 में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन काफी जर्जर अवस्था में है, भय के कारण स्वास्थ्यकर्मी नहीं बैठते हैं, साथ-ही-साथ चहारदीवारी नहीं होने के कारण आवारा पशुओं द्वारा गंदगी फैलाई जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन तथा चहारदीवारी कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विभागाध्यक्ष की नियुक्ति

*2058. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना अन्तर्गत लगभग 20 जिलों में संचालित किये जा रहे पारा मेडिकल संस्थानों की स्थापना पारा मेडिकल, पारा डेंटल नियमावली, 2005 के अनुसार की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पारा मेडिकल संस्थानों में ट्यूटर, डिमॉन्स्ट्रेटर, लेक्चरर तथा विभागाध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई है, जबकि वहां दो बैचों के लिये छात्रों का नामांकन ले लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पारा मेडिकल/पारा डेंटल शिक्षा नियमावली, 2005 के नियमानुसार उक्त पारा मेडिकल संस्थानों में ट्यूटर, डिमॉन्सट्रेटर, लेक्चरर तथा विभागाध्यक्ष की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*2059. डॉ० रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औषधि निरीक्षक अजय रशिक द्वारा दिनांक 19 मार्च, 2020 को डॉक्टर मो० सरफराज एम०बी०बी०एस० एम०एस० की अनुपस्थिति में इनके विनोदपुर, कटिहार स्थित क्लिनिक में रखी औषधियों के बिना स्पष्टीकरण के वैध रूप से मरीजों के ,आपूर्ति हेतु क्रय औषधि को गैर-कानूनी मानते हुये सिड्यूल के नियम का उल्लंघन करते हुये मरीजों के मृत्यु होने के समतुल्य औषधि अंगराज अधिनियम की धारा 27ए एवं मेडिकल कॉन्सिल ऐक्ट के तहत किस अधिकार के तहत कार्रवाई किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त औषधि निरीक्षक द्वारा गैर-कानूनी ढंग से विशेषज्ञ निबंधित चिकित्सक के विरुद्ध की गई कार्रवाई के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी का निर्माण

*2060. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी सामुदायिक स्वास्थ्य

केन्द्र का चहारदीवारी आधा में बना है, जिसके कारण यह केन्द्र असुरक्षित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधूरे चहारदीवारी का निर्माण करने एवं गेट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी का निर्माण

*2061. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत उप-स्वास्थ्य केन्द्र, बुर्ज टोला, लक्ष्मीपुर, दिघलबैंक में चहारदीवारी नहीं है, जिसके कारण आवारा पशुओं का परिसर में आवागमन से मरीजों एवं डॉक्टरों को इलाज में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सामुदायिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई रद्द किया जाना

*2062. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना में समादेश याचिका संख्या 16211/2017, दिनांक 08 अक्टूबर, 2018 में पारित अंतरिम आदेश के आलोक में गया जिलान्तर्गत सरकारी अस्पतालों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से जेनरेटर संचालन में हुये अनियमितता की जांच प्रारंभ की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त समादेश याचिका संख्या अनंत दिनांक 12 जुलाई, 2022 को खारिज हो जाने के बावजूद भी लगभग 68 चिकित्सकों एवं संगत कर्मियों के विरुद्ध प्रारंभ अन्यथा कार्रवाई को समाप्त नहीं किया गया ;

(3) यदि हाँ, तो सरकार कबतक न्यायादेश के अनुसरण चिकित्सकों एवं कर्मियों के विरुद्ध संचालित अन्यथा कार्रवाई रद्द करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बिजली उपलब्ध कराया जाना

*2063. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के लक्ष्मीपुर प्रखंड के संथाल बहुल नजारी पंचायत के गांव चैकिया एवं पिडरौन पंचायत के गांव ठाढ़ी संरक्षित वन क्षेत्र में बसे होने के कारण आजतक बिजली से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार सोलर संयंत्र लगाकर उक्त दोनों ही गांवों में बिजली उपलब्ध कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विशेषज्ञ चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति एवं मूलभूत सुविधा की उपलब्धता

*2064. श्री राजवंशी महतो (क्षेत्र संख्या-141 चेरिया बरियारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत मझौल अनुमंडलीय अस्पताल का भवन अधनिर्मित होने के चलते आस-पास के आमलोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडलीय अस्पताल, मझौल में विशेषज्ञ चिकित्सक एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के कमी के चलते रोगियों के इलाज में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल के भवन निर्माण सहित विशेषज्ञ चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अवैध रूप से संचालित अस्पताल के संचालक के विरुद्ध कार्रवाई

*2065. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण के रामनगर के नरैयनापुर रोड स्थित सिटी इमरजेंसी हॉस्पिटल एवं ड्रॉमा सेन्टर को बगहा एस0डी0एम0 द्वारा 23 अगस्त, 2022 को कई आरोपों के तहत सील किया गया था, जिसे संचालक द्वारा तोड़कर एक महिला का गर्भाशय (यूट्रस) निकाला गया, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस अवैध अस्पताल के संचालक पर कठोर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण कराना

*2066. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखंड के चाँदपुरा पंचायत में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की चहारदीवारी नहीं होने से असमाजिक तत्वों का स्वास्थ्य केन्द्र में जमावाड़ा बना रहता है तथा पशुओं का हमेशा विचरण होता है साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थापित चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य कर्मी को मरीजों का इलाज करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्राथमिकता के आधार पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा दिया जाना

*2067. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत कोईरिया पीपरा पंचायत के बाड़ा ग्राम के नितेश कुमार की मृत्यु करेंट लगने से दिनांक 3 मई, 2022 को हो गई थी, जिसके लिये परिहार थाना में यू0डी0 केस संख्या 06/22 दर्ज है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण करेंट लगना बताया गया, यदि हाँ, तो सरकार नितेश कुमार के परिजन को कबतक सरकार से मिलने वाली मुआवजा की राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*2068. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तेतरिया बाजार स्थित शिव मंदिर अति प्राचीन मंदिर है, जो लाखों भक्तों की आस्था का केन्द्र है ;

(2) क्या यह बात सही है कि महाशिवरात्रि श्रावणी मेला एवं दशहरा के अवसर पर उक्त धार्मिक स्थल पर लाखों श्रद्धालु भक्तों का जुटाव होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त शिव मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मेडिकल कॉलेज की स्थापना

*2069. श्री प्रहलाद यादव (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढ़ा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के कई जिलों में सरकार द्वारा मेडिकल कॉलेज खोला गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसरय एक पिछड़ा जिला है, जिला का चानन प्रखंड के महंत स्टेडियम कैम्पस में मेडिकल कॉलेज खोलने हेतु काफी जमीन है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर एक मेडिकल कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

बिजली ग्रीड का निर्माण

*2070. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ0जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड के चेराखेरा पंचायत के मोहराघाट में बिजली ग्रीड नहीं होने के कारण पर्याप्त बिजली नहीं मिलती है एवं उक्त पंचायत में ग्रीड बनाने के लिये ग्रामीणों द्वारा बार-बार आग्रह किये जाने पर भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान में बिजली ग्रीड बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तीन वर्ष से अधिक अवधि से पदस्थापित कर्मियों का स्थानान्तरण

*2071. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार के पत्रांक 881, दिनांक 3 जून, 2009 एवं स्वास्थ्य निदेशालय, बिहार के पत्रांक 958(4), दिनांक 31 मई, 2013 के आलोक में एक ही स्थान पर तीन वर्ष या इससे अधिक दिन से पदस्थापित कर्मचारियों का प्रत्येक वर्ष स्थानान्तरण करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के तिरहुत प्रमंडल अन्तर्गत क्षेत्रीय अपर निदेशक कार्यालय, मुजफ्फरपुर, सिविल सर्जन कार्यालय, सीतामढ़ी सहित कई अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में उक्त निदेश का अनुपालन नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार तीन वर्षों से अधिक अवधि से पदस्थापित कर्मियों के स्थानान्तरण करने पर विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मैनपावर की कमी को दूर करना

*2072. श्री प्रेम कुमार (क्षेत्र संख्या-230 गया टाउन)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 16 जनवरी, 2023 को प्रकाशित शीर्षक ''न ट्रॉली मैन, न स्ट्रेचर, छोटे एम्बुलेंस में बैठे रहते हैं मरीज'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना में स्थित आई0जी0आई0सी0 अस्पताल की नई बिल्डिंग के निर्माण होने से सुविधाओं का विस्तार हुआ है लेकिन अधिष्ठापित आई0सी0यू0 मशीन आदि के चलाने हेतु मैनपावर की कमी होने के कारण गंभीर मरीज की ट्रॉली मैन एवं स्ट्रेचर की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से एम्बुलेंस में मरीज की मौत हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में मैनपावर की कमी को दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ब्लड एवं दवा की व्यवस्था

*2073. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला में 100 से अधिक थैलेसीमिया के रोगी है जिसे प्रत्येक माह ब्लड एवं दवा की आवश्यकता होती है, परन्तु थैलेसीमिया के रोगी के लिये डे केयर सेन्टर नहीं रहने तथा ब्लड एवं दवा की व्यवस्था नहीं रहने के कारण रोगीयों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक थैलेसीमिया रोगी के हित में पूर्णियाँ मेडिकल कॉलेज में थैलेसीमिया डे केयर सेन्टर की स्थापना करने तथा ब्लड एवं दवा की उचित व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषियों के खिलाफ कार्रवाई

*2074. श्री युसुफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बिजली बिल वसूली का कार्य जिस रूरल रेवेन्यू फ्रेंचाइजी को दिया गया है उसने विद्युत् विभाग के अभियंताओं को इसमें शामिल कर अवैध रूप से अपने ही सगे संबंधियों के नाम से कई पंचायतों में वसूली का कार्य ले रखा है एवं लोगों का भयादोहन कर उनसे अधिक राशि की वसूली करते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इसकी जाँच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति

*2075. श्री मुहम्मद इजहार असफी (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन विधान सभा के खेतिहर भूमि, विद्युत् आपूर्ति नहीं होने के कारण पटवन से वंचित बंजर पड़ी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विधान सभा के ग्रामीणों द्वारा विद्युत् आपूर्ति हेतु अभ्यावेदन देने के उपरांत छः-छः माह पोल, मीटर एवं वायरिंग संबंधी इंतजार करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त विधान सभा के हर खेत को विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मुआवजा राशि की स्वीकृति

*2076. श्री शम्भू नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के चक्की प्रखण्ड के ग्राम-चक्की में दिनांक 11 मई, 2021 को काजीपुर मोड़ के पास विपरित दिशा से आ रही पिकअप वैन नं० बी०आर०इ०-24 जे० 6299 से जोरदार टक्कर लगने के कारण राजेश यादव की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त घटना के बाद आजतक चालक एवं गाड़ी मालिक के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गयी न ही सरकार द्वारा मुआवजा दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चालक एवं गाड़ी मालिक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये मृतक के परिवार को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

चहारदीवारी का निर्माण

*2077. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अनुमंडल अस्पताल, फुलपरास में कुछ स्थानीय लोगों द्वारा चहारदीवारी को दो जगह से तोड़कर आमरास्ता बना दिया गया है जिसपर हमेशा लोगों का आना-जाना होता है जबकि अनुमंडल अस्पताल कैंपस में ए०एन०एम० कॉलेज एवं हॉस्पिटल भी अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सामाजिक कार्यकर्ता एवं सदस्य, दूरसंचार सलाहकार समिति, मधुबनी श्री राम सुन्दर यादव ने दिनांक 9 सितम्बर, 2022 को जिला पदाधिकारी, मधुबनी एवं सिविल सर्जन, मधुबनी को आवेदन देकर उक्त अस्पताल में आमरास्ता बंद करवाने तथा तोड़े गये चहारदीवारी का निर्माण कराने का अनुरोध किया था परन्तु अभीतक उसपर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल के तोड़े गये चहारदीवारी का निर्माण कार्य कराने तथा अस्पताल को सुरक्षित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

अनुग्रह अनुदान राशि की स्वीकृति

*2078. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत जाले प्रखण्ड के सहसपुर पंचायत के वार्ड संख्या 13, मदौली निवासी स्व० रामएकबाल राउत, पिता-स्व० दामोदर दिनांक 18 जुलाई, 2022 को सड़क दुर्घटना का शिकार हो गये थे तथा इलाज के दौरान उनकी मौत दिनांक 19 जुलाई, 2022 को हो गयी जाले पश्चिमी पंचायत अन्तर्गत जाले साउथ, बेलदार टोली, निवासी स्व० शिवनारायण महतो जो दिनांक 2 दिसम्बर, 2020 को सड़क दुर्घटना का शिकार हो गये थे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी, उक्त के संबंध में दरभंगा जिला अन्तर्गत जाले थाना में क्रमश: 89/2022 एवं 197/2020 प्राथमिकी दर्ज है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक उपरोक्त दोनों पीड़ित परिवारों को अनुग्रह अनुदान नहीं

मिला है, यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मृतकों के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

*2079. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावां प्रखंड के ग्राम उकौड़ा से 10 कि०मी० की दायरे में एक भी उप-स्वास्थ्य/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम (उकौड़ा) में उप-स्वास्थ्य/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नर्सिंग स्कूल की स्थापना

*2080. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड की जनसंख्या वर्ष 2011 के जनगणना के अनुसार 3 लाख 98 हजार 977 है, जिसमें 87 हजार 98 अनुसूचित जाति और 18 हजार 102 अनुसूचित जन-जाति की जनसंख्या है। घनी आबादी वाले इस इलाके में मेडिकल क्षेत्र में सेवा की अपार संभावनाएँ के बावजूद इन वर्गों के गरीब छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य सेवा में प्रशिक्षण लेकर व्यवसायिक कैरियर बनाये जाने के लिये कोई संस्थान नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक स्वास्थ्य सेवा मे दक्षता हासिल कर आय बढ़ाने का नया अवसर उपलब्ध कराने के लिये रानीगंज में एक नर्सिंग स्कूल स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटन कॉरीडोर के रूप में विकसित करना

*2081. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत मांझर कुण्ड या ताराचण्डी स्थान, इन्द्रपुरी जलाशय, माँ तुतला भवानी एवं रोहतासगढ़ किला ये सभी रोहतास कैमूर के पहाड़ी के ऊपर एवं गोद में इर्द-गिर्द ही अवस्थित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस इलाके को पर्यटन कॉरीडोर के रूप में विकसित करने हेतु इच्छुक है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अनियमितता दूर करना

*2082. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 जनवरी, 2023 को प्रकाशित शीर्षक "बिजली के बिल में आ रही गड़बड़ियों की जाँच होगी" के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के विभिन्न जिलों यथा समस्तीपुर, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर, वैशाली, कटिहार में बिजली बिल अधिक आने की शिकायत रहती है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार राज्य में बिजली में हो रही अनियमिता को कबतक दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निरीक्षण भवन/विश्राम गृह को पर्यटकीय सुविधा से जोड़ा जाना

*2083. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में विभिन्न विभागों द्वारा निरीक्षण भवन/विश्राम गृह का संचालन किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निरीक्षण भवन/विश्राम गृह को सरकारी कार्यों के अलावा पर्यटकों को ठहरने के लिये उपलब्ध कराया जाने से उक्त भवन के रख-रखाव, सरंक्षण एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधा करायी जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभिन्न निरीक्षण भवन/विश्राम गृह को पर्यटकीय सुविधा से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### सामुदायिक शौचालय का निर्माण

'च'-*2084. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के बिहपुर विधान सभा अन्तर्गत नारायणपुर प्रखंड में शहजादपुर एवं बैकटपुर दूधैला पंचायत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है, जब बाढ़ का पानी घरों में आ जाता है, तो सामुदायिक शौचालय नहीं होने के कारण खासकर मातृ शक्ति को शौचालय जाने में बहुत कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोनों पंचायतों के प्रत्येक टोले में सामुदायिक शौचालय बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

### हेल्थ वेलनेस सेंटर में चिकित्सा व्यवस्था

*2085. श्री सुर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत बखरी प्रखंड के राटन पंचायत स्थित हेल्थ वेलनेस सेंटर में प्रसव की व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार हेल्थ वेलनेस सेंटर राटन में प्रसव की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

### रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना

*2086. श्री राजीव कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत सदर अस्पताल सहित जिला के अन्य किसी भी स्वास्थ्य केन्द्रों/उप-केन्द्रों में एक भी रेडियोलॉजिस्ट नहीं रहने के कारण यहां के लोगों को रेडियोलॉजी से संबंधित जाँच/उपचार हेतु पटना अवस्थित चिकित्सा महाविद्यालय जाना पड़ता है, जिससे गरीब मरीजों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मुंगेर जिला के सदर अस्पताल सहित अन्य सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

### लाभुकों को पोषण राशि दिया जाना

*2087. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 6 फरवरी, 2023 के अंक में छपी खबर के शीर्षक "दो साल पहले बना भवन मैन पावर और उपकरणों की भारी कमी" के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ, किशनगंज सहित 15 ऐसे जिले हैं जहाँ के सदर अस्पताल में टीबी पदाधिकारी के पद रिक्त है, जिसके कारण नये टीबी मरीजों को चिन्हित करने में परेशानी हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्व से राज्य में 01 लाख 41 हजार टीबी मरीजों में से लगभग 69 हजार टीबी मरीजों को पोषण योजना की राशि प्राप्त नहीं हुयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सभी लाभुकों को पोषण राशि देने और सभी जिलों में टीबी पदाधिकारियों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

### चिकित्सक की पदस्थापना

*2088. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अनुमंडल अस्पताल बेनीपुर में अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित है परंतु अल्ट्रासाउंड करने वाले चिकित्सक का संविदा समाप्त हो जाने के कारण मरीजों का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अल्ट्रासाउंड करने वाले चिकित्सक की पदस्थापना करना चाहती है ?

नोट— 'च'-आपदा प्रबंधन विभाग के ज्ञापांक 934, दिनांक 2 मार्च, 2023 द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में स्थानान्तरित ।

दन्त चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*2089. श्री जितेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत कतरीसराय प्रखण्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को दन्त चिकित्सा हेतु कुर्सी सहित अन्य उपकरण लगभग दो वर्ष पूर्व ही प्राप्त हो गया है, परंतु दन्त चिकित्सक के नहीं होने के कारण कुर्सी एवं अन्य उपकरण का उपयोग नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्थायी रूप से दन्त चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*2090. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत मेहसी नगर पंचायत के कस्बा मेहसी में बाबा महेश्वरनाथ प्राचीन शिव मंदिर है, जिसके नाम पर ही मेहसी का नामकरण हुआ है, एवं लाखों श्रद्धालु भक्तों का आस्था का केन्द्र बिंदु है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त शिव मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्युतीकरण कराना

*2091. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर विधान सभा के बैकटपुर दूधैला पंचायत के दूधैला 2 के चार सौ की आबादी वाले गांव में विद्युतीकरण नहीं हो पाया है फलस्वरूप स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित गाँव का कबतक विद्युतीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निर्माण कार्य शुरू करवाना

*2092. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2021 में बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड, पटना द्वारा दरभंगा जिला अन्तर्गत जाले प्रखण्ड में राजकीय यूनानी औषधालय, निमरौली जाले का स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण संबंधी निविदा आमंत्रण किया गया था जिसका आमंत्रण सूचना संख्या BMSICL/Infra/29/2021, दिनांक 6 दिसम्बर, 2021 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 8 जून, 2022 को निविदा में सफल निविदादाता को कार्य आवंटन कर दिया गया परन्तु अभीतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण अविलम्ब शुरू करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटन भवन का जीर्णोद्धार

*2093. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत हसपुरा प्रखंड में बस स्टैंड के पास पर्यटन भवन 2002 से 2003 में बना परंतु देख-रेख के अभाव में जीर्ण-शीर्ण हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पर्यटन भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पटना :
दिनांक 17 मार्च, 2023 (ई०)।

पवन कुमार पाण्डेय,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु० - 90 (एल०ए०), 2022-23 डी०टी०पी० -550